पत्रांक— 04/व0—01—33/2010(321165)....1647

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

यतेन्द्र कुमार पाल,
निदेशक (प्रशासन)।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सभी प्राचार्य, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान
सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी
बिहार राज्य।

पटना, दिनांक 13/08/2026

विषय :— 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यालयों/प्रखंड स्तरीय कार्यालयों एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में झंडोत्तोलन के आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निदेशानुसार कहना है कि 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यालयों/प्रखंड स्तरीय कार्यालयों एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत गरिमापूर्ण, हर्षोल्लास एवं भारतीय झंडा संहिता, 2002 के नियमों के अनुकूल किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु निम्नलिखित दिशा—निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए :—

a) स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यालयों/प्रखंड स्तरीय कार्यालयों एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में पदाधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

b) जिला स्तरीय कार्यालयों में जिला शिक्षा पदाधिकारी/प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में संस्थान के प्राचार्य द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा।

c) स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम निम्नवत् क्रमबद्ध रूप से किया जाएगाः—

   i. राष्ट्रगीत का गायन
   ii. झंडोत्तोलन
   iii. राष्ट्रगान का गायन
   iv. भाषण/संबोधन
   v. अन्य कार्यक्रम
   vi. अंत में राष्ट्रगीत का गायन तदोपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त किया जाएगा।

2. अतः आप सभी को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

13/08/26

(यतेन्द्र कुमार पाल),
निदेशक (प्रशासन)।

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक :– 04/व0–01–33/2010.....1647...                                                                 पटना, दिनांक :–...13/08/2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के निजी सहायक/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् एवं निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग के आशुलिपिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/08/26

निदेशक (प्रशासन)।

ज्ञापांक 2274/SS छपरा, दिनांक 13/8/26

प्रतिलिपि :– प्राचार्य, शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, सारण/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं पत्र में वर्णित निदेश का अक्षरशः अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ समर्पित।

13/8/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, सारण

AK
13/08/26

Scanned with CamScanner